## खास-खबरें

### सैनाचार्य स्वामी अचलानंद महाराज का सीहोर सेन समाज ने किया स्वागत



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** अखिल भारतीय सेन भक्ति पीठ पुष्कर राजस्थान प्रधान कार्यालय रांई का बाग जोधपुर के पीठाधीश्वर सेनाचार्य स्वामी अचलानंद महाराज का इंदौर से विदिशा जाते हुए म.प्र. शासकीय अधिकारी कर्मचारी जनकल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन के नेतृत्व में सीहोर बायपास लोनिया के रेस्ट हाउस में एक गरिमामय समारोह में शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। उनके साथ आये पीठ के सभी पदाधिकारियों का भी पुष्पमाला एवं नर्मदा जी का पोस्टर भेंटकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घासीरामवर्मा, सुंदरलाल चोहान, नरेंद्र पंवार, अतुल गौड़ पूर्व केश शिलपी उपाध्यक्ष, मदनलाल वर्मा, नागपचलाना सहित अनेक पदाधिकारी प्रमुख थे। सीहोर सेन समाज की ओर स्वागत करने वालों में रामगोपाल सेन, पी.एं. मालवीय, मोहन सोनगृहा, मनोहर सिसोदिया, श्रीपाल मालवीय, मनोज सेन सहित सीहोर सेन समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

### महिला कांग्रेस को जमीनी स्तर तक मजबूत करने पर जोर, संगठन विस्तार की रणनीति पर मंथन



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः** महिला कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजू माहेश्वरी के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में संगठन विस्तार, महिला कार्यकर्ताओं की भागीदारी और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। दोनों नेताओं ने महिला राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने और उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर अभियान चलाने पर सहमति जताई। प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी ने कहा कि महिला कांग्रेस समाज के हर वर्ग की महिलाओं की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय कर महिलाओं को पार्टी की नीतियों और जनहितकारी कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजू माहेश्वरी ने संगठनात्मक मजबूती के लिए नियमित संवाद, प्रशिक्षण कार्यक्रम और जनसंपर्क अभियान की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सरकार और प्रशासन तक पहुंचा सकता है।

### अवैध शराब बिक्री के विरोध में बीएसपी का प्रदर्शन, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरूंदाः** तहसील क्षेत्र में अवैध शराब की कथित बिक्री को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) ने गुरुवार को दुर्गा चौक पर प्रदर्शन कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। पार्टी कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में बढ़ रही अवैध शराब की गतिविधियों पर चिंता जताते हुए प्रभावी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की उपलब्धता सामाजिक और पारिवारिक समस्याओं को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं के भविष्य और कानून व्यवस्था पर इसके संभावित प्रभावों को लेकर चिंता व्यक्त की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति सामाजिक अपराधों और आर्थिक समस्याओं का कारण बन सकती है।

### एथिलीन रिपनर के सुरक्षित निपटान को लेकर प्रशासन ने फल विक्रेताओं को दिए निर्देश



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने नगर के फल विक्रेताओं द्वारा एथिलीन रिपनर के उपयोग और उसके निपटान की व्यवस्था का निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने विदिशा एवं गंजबासौदा नगरीय क्षेत्र में अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान सब्जी मंडी में पाया गया कि एथिलीन रिपनर के उपयोग के बाद उसके अवशेषों और खाली पाउचों का उचित निपटान नहीं किया जा रहा है। इस पर टीम ने सभी फल विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी कि उपयोग के बाद एथलीन रिपाइनर के अवशेषों को एक निर्धारित कूड़ेदान में एकत्रित करें और नगर पालिका के कचरा संग्रहण वाहन के माध्यम से उनका सुरक्षित निपटान सुनिश्चित करें। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि एथलीन रिपाइनर के उपयोग के बाद उसके अवशेषों का वैज्ञानिक और सुरक्षित निपटान आवश्यक है।

# पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का मिल रहा लाभः विधायक चौधरी

## जनकल्याण शिविर का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण : कलेक्टर




**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवासः** कृषि उपज मंडी प्रांगण में विकासखंड स्तरीय जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 12 से 18 जून 2026 तक प्रत्येक विकासखंड एवं नगरीय निकाय मुख्यालयों पर जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पात्र नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है।

शिविर में विधायक हाटपिपल्या मनोज चौधरी, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, जिला पंचायत सीईओ ज्योति शर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और नागरिकों को योजनाओं की जानकारी दी।

विधायक मनोज चौधरी ने जनकल्याण शिविर को 'एक पंथ सौ काज' की संज्ञा देते हुए कहा कि इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को एक ही स्थान पर सभी विभागीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों का लाभ उठाएं और अन्य लोगों को भी जागरूक करें।

विधायक चौधरी ने जैविक खेती को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया और कहा कि गोबर खाद के उपयोग से बेहतर उत्पादन संभव है तथा रासायनिक खादों के दुष्प्रभावों से बचा जा सकता है। उन्होंने युवाओं और किसानों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया।

कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता अंतिम छोर तक बैठे पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। उन्होंने बताया कि शिविरों में सभी विभागों के स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं और मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं के लिए रोजगार मेले के आयोजन की जानकारी दी और कहा कि जिले में आने वाली बड़ी गारमेंट कंपनी से महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। साथ ही उन्होंने युवाओं से रोजगार पोर्टल पर पंजीयन कराने की अपील की।

कलेक्टर ने किसानों से जैविक खेती अपनाने, बच्चों के नियमित स्कूल जाने और टीकाकरण पर भी जोर दिया। जिला पंचायत सीईओ ज्योति शर्मा ने कहा कि शिविरों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक योजनाओं से वंचित न रहे। शिविर में संबल योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं के आवेदन और लाभ वितरित किए गए। साथ ही रोजगार मेला आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। दिव्यांगजनों के लिए विशेष स्टॉल लगाकर प्रमाण पत्र एवं उपकरण संबंधी कार्यवाही की गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश पटेल, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती कलाबाई यादव, ज़िला पंचायत सदस्य श्री शिवम चौधरी, जनपद सदस्य श्री वरुण चौधरी, जनपद सदस्य श्री बालाराम कुमोद सहित अन्य जनप्रति निधिगण, अधिकारीगण एवं नागरिकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनोज दुबे ने किया।

### मूंग फसल के अफलन की होगी वैज्ञानिक जाँच

**विदिशा।** जिले की सिरोंज विकासखंड में बीज संघ द्वारा 90 कृषकों को मूंग फसल के उन्नत बीज वितरित किए गए थे। अधिकांश किसानों के खेतों में मूंग की फसल का विकास एवं फलन संतोषजनक पाया गया है, जिससे किसानों को अच्छी उपज मिलने की संभावना है। हालांकि कुछ कृषकों के खेतों में फसल में अपेक्षित फलन नहीं होने की शिकायत सामने आई है।

किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपड़िया ने बताया है कि कुछ कृषकों द्वारा मूंग फसल में अफलन (फलियों का पर्याप्त विकास ना होना) की समस्या बताई गई है। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए कृषि विभाग एवं बीज संघ द्वारा कल वैज्ञानिक स्तर पर जाँच कराने का निर्णय लिया गया है। कृषि विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों की टीम प्रभावित किसानों के खेतों का निरीक्षण करेगी। निरीक्षण के दौरान फसल की वृद्धि, फूल आने की स्थिति, फलियों के विकास, मिट्टी की गुणवत्ता, सिंचाई व्यवस्था, पोषक तत्वों की उपलब्धता तथा मौसम संबंधी प्रभावों का विस्तृत अध्ययन किया जाएगा।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क सुरक्षा पर जोर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा :** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी एवं अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आम नागरिकों एवं वाहन चालकों की सुविधा सुनिश्चित करने से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने नगर एवं जिले के चिन्हित स्थलों पर हाईमास्ट लाइटें स्थापित करने की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 40 हाईमास्ट लाइटें लगाई जानी हैं और डार्क जोन वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, वहां शीघ्र हाईमास्ट लाइटें स्थापित की जाएं।


वहीं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने कहा कि जिन स्थानों पर पहले से हाईमास्ट लाइटें लगी हुई हैं लेकिन वे खराब हैं, उन्हें तत्काल दुरुस्त कराया जाए। इसके साथ ही दोपहिया वाहन चालकों, विशेष रूप से राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर यात्रा करने वाले लोगों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक एवं प्रेरित करने पर विशेष बल दिया गया।

### आज होगा गोपेश्वर महादेव मंदिर में शिव का अभिषेक

**सीहोर।** शहर के मुगीसपुर के समीपस्थ श्री राधेश्याम विहार कालोनी में गत दिनों पांच दिवसीय श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अलावा महायज्ञ का आयोजन किया गया था। यहां पर भव्य रूप से छह हजार स्क्वायर फीट परिसर में भगवान गोपेश्वर महादेव मंदिर का नवनिर्माण किया गया है। सवा माह के पश्चात यहां पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में शनिवार को सुबह दस बजे यज्ञाचार्य पंडित सतीश तिवारी सहित अन्य विप्रजनों के सानिध्य में भगवान शिव का विशेष अभिषक किया जाएगा।

संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि गोपेश्वर महादेव मंदिर में नियमित रूप से शिव चालीसा का पाठ के अलावा भगवान का एक लोटा जल से अभिषेक प्रतिदिन किया जा रहा है। शुक्रवार को भी महिलाओं ने भजन कीर्तन किए। अब शनिवार को सुबह दस बजे शांति हवन, भगवान शिव का विशेष अभिषेक और शिव चालीसा का पाठ किया जाएगा।

## बारना बांध की सुरक्षा पर सवाल गेटों के नीचे दरार से बढ़ी चिंता



**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः** बाड़ी स्थित बारना बांध की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। लगभग 55 वर्ष पुराने इस महत्वपूर्ण जलाशय के मुख्य आठ गेटों के नीचे बड़ी दरार दिखाई देने के बाद क्षेत्र में चिंता का माहौल है। यह बांध हजारों किसानों की सिंचाई व्यवस्था का प्रमुख आधार है और रायसेन जिले के करीब 80 हजार हेक्टेयर कृषि क्षेत्र की जीवनरेखा माना जाता है।

स्थानीय लोगों और जानकारों के अनुसार, गेटों के नीचे दिखाई दे रही दरार की स्थिति बेहद गंभीर है, लेकिन इस संबंध में पहले भी जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया था, बावजूद इसके अब तक कोई ठोस सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। इससे बांध की सुरक्षा और प्रशासनिक निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार, बारना बांध से तीन विधानसभा क्षेत्रों की कृषि व्यवस्था सीधे जुड़ी हुई है। मानसून के दौरान जब बांध पूरी क्षमता पर भरता है और इसके गेट खोले जाते हैं, तब निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को पहले से सतर्क किया जाता है तथा कई बार उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भी पहुंचाया जाता है।

पूर्व में विभागीय अधिकारियों द्वारा भी स्वीकार किया गया था कि इतने पुराने बांध पर वर्षों से कोई बड़ा मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है। ऐसे में संरचनात्मक मजबूती और नियमित तकनीकी जांच को लेकर चिंताएं और अधिक बढ़ गई हैं। ग्रामीणों और किसानों का कहना है कि यदि समय रहते दरार की स्थिति की जांच और मरम्मत नहीं की गई तो संभावित खतरा बड़ा रूप ले सकता है। इससे न केवल सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होगी बल्कि निचले क्षेत्रों में जनजीवन पर भी गंभीर असर पड़ सकता है। वहीं इस मामले में जल संसाधन विभाग के प्रभारी कार्यपालन यंत्री शिवेश मिहानी ने बताया कि गेटों के नीचे दरार की जानकारी मिली है और इसकी जांच कराई जाएगी।

## भाजपा जिला कामकाजी मासिक बैठक संपन्न



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** भारतीय जनता पार्टी जिला सीहोर की जिला कामकाजी मासिक बैठक शुक्रवार को जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला प्रभारी विकास विरानी सहित मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संगठन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। ये सभी कार्यक्रम '12 वर्ष विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के' अभियान के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इन कार्यक्रमों को पूर्ण समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि जिले में नवीन शक्ति केंद्रों एवं बूथों का गठन कर उनके प्रभारी एवं अध्यक्ष नियुक्त किए जा चुके हैं। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी विकास विरानी ने कहा कि संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों की शुरुआत 5 जून से हो चुकी है। अभियान के तहत 12 जून से 18 जून तक प्रत्येक विकासखंड स्तर पर जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसी अवधि में केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसके अलावा 15 जून से 18 जून तक जिला स्तर पर प्रबुद्धजन सम्मेलन एवं सभागार बैठकों का आयोजन किया जाएगा। वहीं 19 एवं 20 जून को जिले में दो स्थानों पर प्राकृतिक कृषि कार्यशालाएं आयोजित होंगी तथा 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रत्येक मंडल स्तर पर योग अभ्यास शिविर आयोजित किए जाएंगे। बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला प्रभारी विकास विरानी, तीनों महामंत्री पंकज गुप्ता,जितेंद्र गौड़ एवं तारा कटारिया मंचासीन रहे। इसके अतिरिक्त समस्त जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सिंहस्थ-2028 को फायर सेफ्टी के लिहाज से सुरक्षित बनाने की तैयारी शुरू

**उज्जैन।** उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व को फायर सेफ्टी के दृष्टिकोण से पूरी तरह सुरक्षित बनाने की दिशा में प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में संभाग आयुक्त आशीष सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में फायर सेफ्टी प्लानिंग को लेकर प्रारंभिक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उत्तर प्रदेश की फायर सेफ्टी टीम ने प्रयागराज महाकुंभ-2025 में किए गए अग्नि सुरक्षा प्रबंधन का विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। फायर सेफ्टी अधिकारियों प्रमोद शर्मा और अंशुल मित्तल ने महाकुंभ के दौरान अपनाई गई व्यवस्थाओं, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली और सुरक्षा उपायों की जानकारी साझा की। संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने कहा कि सिंहस्थ-2028 को फायर सेफ्टी के लिहाज से अधिक सुरक्षित बनाने के लिए उत्तर प्रदेश की टीम के अनुभवों का लाभ लिया जाएगा।

## पेट्रोल पंप पर बाइक में लगी आग

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** लाडकुई स्थित सिंहपुर मार्ग के एक पेट्रोल पंप पर शुक्रवार को पेट्रोल भराते समय एक बाइक में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग कुछ ही क्षणों में पूरी बाइक तक फैल गई, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से बड़ा हादसा टल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक युवक अपनी बाइक में पेट्रोल भरवा रहा था। इसी दौरान अचानक आग भड़क उठी और बाइक आग की चपेट में आ गई। घटना के समय पेट्रोल पंप पर अन्य वाहन भी मौजूद थे। आग फैलने की आशंका के चलते लोगों ने तुरंत सुरक्षित स्थानों की ओर रुख किया।

स्थानीय लोगों के अनुसार आग बुझाने के प्रयास तत्काल शुरू किए गए। बाद में पानी की सहायता से आग पर नियंत्रण पाया गया। घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन बाइक को नुकसान पहुंचा है।

घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें बाइक में लगी आग और मौके पर मौजूद लोगों की हलचल दिखाई दे रही है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में पेट्रोल पंपों की सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।

स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि घटना के कारणों की जांच कराई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पेट्रोल पंपों पर सुरक्षा उपकरण पूरी तरह कार्यशील स्थिति में रहें। लोगों का कहना है कि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो स्थिति गंभीर हो सकती थी।

फिलहाल घटना के कारणों और सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित स्तर पर जानकारी जुटाई जा रही है। नागरिकों ने पेट्रोल पंपों पर नियमित सुरक्षा निरीक्षण और अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की आवश्यकता बताई है।

## कोटा बैराज से पहले रिपटा घाट के संरक्षण और श्मशान घाट के स्थानांतरण की मांग



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** बेतवा नदी पर निर्माणाधीन कोटा बैराज परियोजना को लेकर शहर के जागरूक नागरिकों ने महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए हैं। नागरिकों का कहना है कि बैराज के पूर्ण होने के बाद रिपटा घाट का क्षेत्र डूब प्रभावित क्षेत्र में आ सकता है, ऐसे में वहां लगे लाखों रुपये मूल्य के फरसी पत्थरों को समय रहते सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाना चाहिए।

जानकारी के अनुसार, रिपटा घाट पर दानदाताओं और जनभागीदारी योजना के सहयोग से फरसी पत्थर लगाए गए थे। यदि बैराज निर्माण के बाद यह क्षेत्र जलमग्न हो जाता है तो इन पत्थरों का उपयोग संभव नहीं रह जाएगा। नागरिकों ने सुझाव दिया है कि बारिश शुरू होने से पहले इन्हें निकालकर सुरक्षित स्थान पर रखा जाए अथवा किसी सार्वजनिक स्थल पर पुनः उपयोग में लिया जाए। नागरिकों ने रिपटा घाट स्थित श्मशान घाट को लेकर भी चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि बैराज बनने के बाद यह क्षेत्र भी डूब में आ सकता है, जिससे अंतिम संस्कार जैसी आवश्यक गतिविधियों में परेशानी उत्पन्न होगी। इसलिए प्रशासन को वैकल्पिक श्मशान घाट के लिए उपयुक्त स्थान का चयन कर उसकी जानकारी सार्वजनिक रूप से साझा करनी चाहिए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर की आधे से अधिक आबादी तथा बेतवा किनारे के कई गांवों के लोग अंतिम संस्कार के लिए रिपटा घाट का उपयोग करते हैं। यह स्थान धार्मिक आस्था और परंपराओं से भी जुड़ा हुआ है। ऐसे में किसी भी बदलाव से पहले व्यापक जनहित और सुविधाओं को ध्यान में रखना आवश्यक है। नागरिकों ने इस संबंध में शासन को लिखित आवेदन देकर फरसी पत्थरों के संरक्षण तथा श्मशान घाट के वैकल्पिक स्थान की घोषणा की मांग की है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि कोटा बैराज के पूर्ण होने के बाद रिपटा घाट का कौन-सा हिस्सा डूब क्षेत्र में आएगा और कौन-सा सुरक्षित रहेगा।

### मानसून से पहले प्रशासन अलर्ट, बाढ़ प्रबंधन को लेकर व्यापक तैयारियां तेज

**उज्जैन।** मानसून के आगमन से पहले संभावित बाढ़ और जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए संभागीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। संभागायुक्त आशीष सिंह और एडीजी राकेश गुप्ता ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों के कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों की मैराथन बैठक लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि बांधों से पानी छोड़े जाने की स्थिति में पूरी सतर्कता बरती जाए तथा प्रभावित क्षेत्रों को पहले से ही अलर्ट किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि से बचा जा सके। लोक निर्माण विभाग द्वारा बाढ़ के दौरान डूबने वाले 154 संवेदनशील स्थानों की पहचान की गई है, जहां सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं। इन संवेदनशील पुल और पुलियों पर सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस के बीच समन्वय के लिए संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर साझा किए जाएंगे। इन स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाए जा रहे हैं, जिससे आमजन को संभावित खतरे के प्रति पहले से सचेत किया जा सके। एडीजी राकेश गुप्ता ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविरों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## डीजल वितरण पर उठे सवाल, जांच के निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** क्षेत्र में डीजल की उपलब्धता को लेकर किसानों की चिंताएं बढ़ती जा रही हैं। खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच डीजल की कमी से जूझ रहे किसानों ने वितरण व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। इस बीच सेमलपानी तिराहे स्थित एक पेट्रोल पंप पर देर रात डीजल वितरण को लेकर चर्चाओं ने मामले को और चर्चा में ला दिया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, देर रात कुछ लोगों को कंटेनर और कुप्पों में डीजल लेते हुए देखा गया। इसे लेकर किसानों और नागरिकों के बीच कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। लोगों का कहना है कि दिन के समय डीजल की कमी की बात कही जाती है, जबकि रात में डीजल वितरण होने की जानकारी सामने आ रही है।



किसानों का आरोप है कि उन्हें खेती संबंधी कार्यों के लिए पर्याप्त डीजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। समय पर जुताई और बुवाई की तैयारी प्रभावित होने से उनकी चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यदि पर्याप्त मात्रा में डीजल उपलब्ध है तो जरूरतमंदों को नियमित रूप से इसकी आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि पेट्रोलियम पदार्थों का वितरण निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप होना चाहिए। खुले या असुरक्षित कंटेनरों में ईंधन भरने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, इसलिए नियमों का पालन आवश्यक है। मामले को लेकर प्रशासन ने संज्ञान लिया है। एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बताया कि पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य विभाग के अधिकारियों को जांच सौंपी गई है और यदि किसी प्रकार का नियम उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित पक्षों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल किसानों और आम नागरिकों की निगाहें जांच रिपोर्ट और प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। लोगों को उम्मीद है कि जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।